

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com


वर्ष 8+15 अंक 21 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 12 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4




पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# कांग्रेस जिले की चारो विधानसभा में जीत को लेकर उत्साहित

## 15 को दिग्विजय सिंह का दौरा महत्वपूर्ण, जितांऊ प्रत्याशियों की टोह लेकर देंगे अंतिम रूप , रामजियन सिंह एवं घनश्याम सनोडिया पर कांग्रेस लगा सकती है दांव

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये महज कुछ ही माह का समय शेष रह गया है और इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी लंबे वनवास के बाद क्षणिक राजतिलक के बाद सत्ता से बाहर हो गयी थी कांग्रेस इस स्थिती से निपटने के लिये पूरी क्षमता के साथ जुटी हुई है जहाँ आदिवासी वोटरों को साधने के लिये कांग्रेस ताकत लगा रही है वहीं सत्ता में वापसी के लिये प्रदेश की आधी आबादी महिला मतदाताओं के कल्याण के लिये महिला स मान सहित अनेक योजनाओं की घोषणा की जा रही है । प्रदेश की सत्ता में वापसी के लिये कांग्रेस हर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिये जुटी हुई है देश के अन्य प्रदेश की अपेक्षा मध्यप्रदेश में कांग्रेस को सत्ता में वापसी की संभावनाएँ अधिक दिखाई देती है । यहाँ द्विदलीय राजनैतिक परिवेश है अन्य दलों की स्थिती केवल वोट काटने की है सत्ता में तीसरी ताकत बनने की स्थिती में कोई अन्य राजनैतिक दल की उपस्थिती नहीं है परंतु अनेक ऐसे राजनैतिक दल है जो भले सत्ता में न आये परंतु कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ।



**15 को दिग्विजय सिंह का दौरा महत्वपूर्ण, जिताऊं प्रत्याशियों की टोह लेकर देंगे अंतिम रूप , रामजियन सिंह एवं घनश्याम सनोडिया पर कांग्रेस लगा सकती है दांव**

सिवनी जिले में राजनैतिक माहौल की नब्ज टटोलने कांग्रेस नेताओं के प्रयास लगातार चल रहे है । जानकारी के अनुसार सिवनी जिले की चारों विधानसभाओं में कांग्रेस को उत्साहजनक संभावनाएँ दिखाई दे रही है वर्तमान में कांग्रेस के पास जिले की चार विधानसभाओं में से दो पर कांग्रेस का कब्जा है । लखनादौन एवं बरघाट विधानसभा में कांग्रेस के विधायक है जबकि सिवनी एवं केवलारी भाजपा के पास है । सिवनी जिला मु यालय की विधानसभा में कांग्रेस लंबे समय से निराशा के गोते लगा रही है लगभग चालीस साल से यहाँ भाजपा का कब्जा है इस विधानसभा में निर्दलीय को भी मतदाताओं ने पंसद किया परंतु कांग्रेस को भाव नहीं दिया । जिले की राजनैतिक माहौल की जानकारी लेने 15 मई को कांग्रेस नेता और पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह सिवनी आ रहे है । जानकारी तो यह भी है कि उनका यह प्रवास सिवनी जिले की चारों विधानसभाओं के लिये प्रत्याशियों के चयन को अंतिम रूप देने के लिये है ।

### प्रत्याशी से सामाज के मतदाताओं की नाराजगी रहा हार का कारण

2018 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा से कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव में जीत दर्ज करेगा परंतु कांग्रेस को ऐसे क्षेत्र में कमजोर साबित हुई जहाँ जातिगत आधार वोट प्राप्त करने का कांग्रेस को भरोसा था । जानकारी अनुसार 2018 में मोहन चंदेल को कांग्रेस ने प्रत्याशी इसलिये बनाया था कि कुर्मी पट्टी के वोट जातिय आधार में मिल जायेंगे और इस क्षेत्र के जिला पंचायत वार्ड से घनश्याम सनोडिया जो कुर्मी जाति से है आसानी से चुनाव जीते थे परंतु कांग्रेस का यह भरोसा चुनाव परिणाम के बाद फेल हो गया विधानसभा के हर क्षेत्र से कांग्रेस को बढ़त मिली परंतु जिस कुर्मी पट्टी से वोट मिलने की संभावनाओं पर कांग्रेस ने मोहन चंदेल को टिकिट दिया था उस क्षेत्र से कांग्रेस को बुरी तरह हारना पड़ा था और कुर्मी मतदाता भाजपा के साथ चले गये थे । कुर्मी मतदाताओं का भाजपा के पक्ष में जाने का जो कारण बताया जा रहा है वह मोहन चंदेल से व्यक्तिगत नाराजगी होने की चर्चा है । बताया जाता कि कांग्रेस नेता घनश्याम सनोडिया 2018 के पूर्व हुये जिला पंचायत चुनाव में प्रत्याशी थे तो मोहन चंदेल घश्याम सनोडिया का विरोध करते हुये अल्पसं यक प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांग रहे थे जिसकी नाराजगी मोहन सिंह चंदेल को विधानसभा चुनाव में उठानी पड़ी । चर्चा तो यह भी है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस घनश्याम सनोडिया को ही अपना प्रत्याशी बनाना चाह रही थी परंतु चुनाव के ठीक पूर्व एक किसान के भुगतान को लेकर घनश्याम सनोडिया ने सरकार विरोध में जो मोर्चा खोला था और सरकार पर दबाव बनाने के लिये किसान ने सल्फास अपने शरीर में डाल लिया था जिससे बाद में किसान की मौत हो गयी थी । इस घटना से घनश्याम सनोडिया के विरूद्ध माहौल बन गया और भाजपा के द्वारा उन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की जाने लगी जिससे घनश्याम सनोडिया को कांग्रेस ने टिकिट से वंचित कर दिया और मोहन चंदेल पर दाव लगाया और कांग्रेस को घनश्याम सनोडिया वाले क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा ।

## घनश्याम सनोडिया हो सकते है कांग्रेस के प्रत्याशी



सन 2022 में संपन्न ग्राम निकाय चुनाव के दौरान सिवनी विधानसभा के जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 02 से घनश्याम सनोडिया दूसरी बार जीत दर्ज कर जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने में सफल रहे । जिसका अर्थ यह लगाया जा रहा है कि कुर्मी समाज का मतदाता घनश्याम सनोडिया के साथ है वहीं जिला पंचायत का वार्ड क्रमांक 01 भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीतने में सफल रहा है सिवनी नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम भी कांग्रेस के पक्ष में है । छपारा बंडोल क्षेत्र से कांग्रेस हमेशा वोट प्राप्त करते रही है । कांग्रेस को सिवनी विधानसभा में सफलता की संभावनाएँ दिख रही है । पिछली बार एक अत्याशित घटनाक्रम से कांग्रेस की टिकिट से वंचित रह गये घनश्याम सनोडिया पर कांग्रेस दांव लगा सकती है और इस प्रकार संभावनाओं के पीछे अन्य कारण भी जिनका उल्लेख किया जाना फिलहाल आवश्यक नहीं है

## ठाकुर रजनीश के अति आत्मविश्वास ने डूबो दिया केवलारी में कांग्रेस को



दूसरी विधानसभा केवालारी है जो कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है यहाँ कांग्रेस को 2018 के विधानसभा चुनाव में जो मात मिली वह कांग्रेस की बड़ी क्षति थी परंतु यहाँ जो हार हुई उसे कांग्रेस अपनी लापरवाही मानती रही है । जानकारी के अनुसार 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने लगभग यह कर लिया था कि केवलारी में ठाकुर रजनीश सिंह का आंतरिक विरोध है इस लिये टिकिट उनकी जगह उनके चाचा रामजियन सिंह ठाकुर को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया जाये परंतु प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री ठाकुर दिग्विजय सिंह रजनीश के नाम पर मुहर लगा चुके थे । हालांकि ठाकुर रामजियन सिंह की कोई प्रबल महत्वाकांक्षा नहीं थी और वे इस बात से खुश थे कि रजनीश सिंह उनका ही भतीजा है परंतु भाजपा की टिकिट राकेश सिंह पाल को मिलने के बाद ठाकुर रजनीश सिंह अपनी जीत बहुत आसान दिखने लगी और इसी अति आत्मविश्वास के कारण उन्होंने चुनाव में चुनाव के दौरान अपने चाचा के रणनैतिक कौशल का लाभ लेना भी उचित नहीं समझा वहीं भाजपा के प्रत्याशी श्री पाल ने जीत के लिये पूरी तरह अपने स्वाभाव को बदल लिया और हर वह प्रयास किये जो भाजपा की जीत के लिये आवश्यक थे जहाँ चुनाव के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्त्ता निराशा थे और प्रत्याशी की उदासीनता से परेशान थे वहीं भाजपा के कार्यकर्त्ता पूरे उत्साह के साथ चुनाव में जुटे और कांग्रेस को चुनाव हराकर ही दम लिया ।

### ठाकुर रामजियन सिंह पर कांग्रेस लगा सकती है दांव

यहाँ यह चर्चा आवश्यक है कि ठाकुर रामजियन सिंह प्रदेश के कद्दावर नेता स्व. हरवंश सिंह ठाकुर के भाई होने के साथ ही स्व. हरवंश सिंह की राजनीति में चमक लाने वाले चाणे य थे और ठाकुर हरवंश सिंह की चुनावी राणनीति बनाने से लेकर कहा कौन व्यक्ति उपयुक्त है इसकी परख रखने वाले कुशल पारखी थे । ठाकुर रामजियन सिंह शासकीय सेवा में रहते हुये भी ठाकुर हरवंश के सफल संकटमोचक माने जाते थे । केवलारी विधानसभा का जितना बारीक अध्ययन ठाकुर रामजियन सिंह को था उतना ठाकुर हरवंश भी नहीं समझते थे और हर मामले में ठाकुर हरवंश सिंह अपने भाई राम जियन सिंह से सलाह लेते थे यह बात ठाकुर रजनीश सिंह भी जानते है परंतु पिछले चुनाव में राकेश पाल सिंह को उन्होंने बहुत कमजोर प्रत्याशी मानकर जो गलती की वह कांग्रेस की नैया डुबोने के लिये पर्याप्त थी परंतु चुनाव में हार के बाद भी



उनकी केवलारी विधानसभा में उनकी निष्क्रियता कांग्रेस के लिये मुसीबत बन गयी है। बहुत अधिक संभावना इस बात की है कि केवलारी विधानसभा की जीत सुनिश्चित करने के लिये कांग्रेस ठाकुर रामजियन सिंह पर दांव लगाये ।

# शासन की ब्याज माफी योजना में कार्य नही करेंगी सहकारी समितियां

## सहकारी समिति कर्मचारी शासन से अपनी जायज माँगे मनवाने पर अड़िग

**भोपाल में शासन से महासंघ की हुई वार्तालाप विफल**



सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में ब्याज माफी योजना दी गई जिसके तहत प्रदेश के 11 लाख से अधिक डिफाल्टर किसानों का 2123 करोड़ रुपये ब्याज माफी को मंजूरी केबिनेट में दी गई है। इसी को लेकर बीते 06 दिन से प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताली कर्मचारियों द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ के आह्वान पर शासन को अल्टीमेडम दे दिया है कि जब तक हमारी जायज 02 सूत्रीय माँगो को संतोषजनक निराकरण शासन द्वारा नही किया जाता तब तक हमारे द्वारा शासन की सबसे महत्वपूर्ण डिफॉल्टर किसानों की ब्याज माफी योजना के क्रियान्वयन में सहकारी समितियों द्वारा किसी प्रकार को कोई कार्य नही किया जावेंगा।

### भोपाल में शासन के साथ महासंघ की हुई वार्तालाप विफल

मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष वंशी ठाकुर द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ के आह्वान पर प्रदेश स्तरीय सहकारी समितियों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताली कर्मचारी अब अपनी माँगो को मनवाने हेतु अड़िग हो चुके है। जिससे शासन प्रशासन पूर्णतः दबाब व सदमें में है बीते दिवस भोपाल में शासन द्वारा सहकारी समिति महासंघ के पदाधिकारियों को बुलाकर माँगो के संबंध में वार्तालाप की गई परंतु शासन की शर्तो के मुताबिक आश्वासन के आधार पर महासंघ अपनी हड़ताल वापस लेकर काम पर लौटने के पक्ष में बिल्कुल नजर नही आया जिससे वार्तालाप पूर्णतः विफल हो गई।

### विभिन्न संगठनों द्वारा हड़ताली कर्मचारियों को दिया गया समर्थन

अ बेडकर चौक जबलपुर रोड सिवनी में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन देंने हेतु बीते दिवस हड़ताली पंडाल पर गौरव जायसवाल (प्रवक्ता आम आदमी पार्टी) हुकुमचंद सनोडिया (अध्यक्ष किसान मोर्चा), रंजीत बघेल (अध्यक्ष राहुल गांधी ब्रिगेड यूनियन सिवनी) पहुँचे एवं सहकारी समिति कर्मचारियों की माँगो को जायज ठहराते हुए पूर्ण समर्थन देते हुए कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

# बूथ विजय संकल्प अभियान की चमारी में कार्यशाला संपन्न





छपारा यशोः- शक्ति केंद्र चमारी में केंद्र के 10 बुथो की विशेष बैठक रखी गई जिसमें 10 बूथो अध्यक्ष पन्ना प्रमुख पन्ना समिति के सदस्यों का आमंत्रण किया गया जिसमें बड़ी सं या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए कार्यकर्ताओं को बूथ में कैसे कार्य करना है एवं वर्तमान सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचना है और आने वाले समय में फिर से भाजपा का परचम लहराना है मु य वक्ता के रूप में जिले के महामंत्री स मानीय गजानंद पंचेश्वर जी एवं मंडल की वरिष्ठ मेहताब सिंह जी धीरसिह भलावी जी रामदयाल सिंह ठाकुर ओम राजपूत मंडल अध्यक्ष चमारी सुनील झरिया मंडल महामंत्री कपास लाल सरआम महामंत्री मोनू साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नर्मदा कुशवाहा उपाध्यक्ष भगवत सिंह ठाकुर मंडल मंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### गंगई रैयत में हुई बैठक

भारतीय जनता पार्टी मंडल छपारा के दो शक्ति केंद्र भींमगढ़ बिहिरिया और गंगई रैयत की बूथ विजय संकल्प अभियान को लेते हुए बैठक गंगई बंजर में संपन्न हुई मु य वक्ता के रूप में सुरेश पटेल जी ने बूथ के बारे में जानकारी दी।और मंडल अध्यक्ष ने प्रस्तावना रखी इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव जी सहित शक्ति केन्द्र के संयोजक सह संयोजक बूथ के अध्यक्ष महामंत्री बी एल ए ओ पन्ना प्रमुख पन्ना समिति के सदस्य और मंडल के प्रभारी सहित बड़ी सं या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया है कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि 15 मई से बढ़ाकर 20 मई 2023 कर दी गई है। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में कुल 100 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। सभी किसान बंधुओं से अपील है कि अपनी सुविधानुसार नजदीकी गेहूं खरीदी केन्द्रों में जाकर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर अपनी फसल का विक्रय कर सकते हैं।

## आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन का दौरा कार्यक्रम



सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) एवं सभापति सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति गौरीशंकर बिसेन प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार शुक्रवार 12 मई को दोपहर 1.15 बजे सिवनी सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा 1.30 बजे पत्रकार वार्ता लेंगे। इसके उपरांत अध्यक्ष श्री बिसेन स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात दोपहर 3 बजे बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत वार्डवार शिविरों के आयोजन की तिथि घोषित

### सिवनी नपा क्षेत्र में

सिवनी यशोः- मु यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत 16 मई से 25 मई तक वार्डवार/ग्रामवार कैंपों का आयोजन किया जाना है, जिसके परिपालन में सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में 16 मई को महामाया वार्ड का कैंप उत्कृष्ट विद्यालय में, एमएलबी वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला पुलिस लाईन में, अकबर वार्ड का कैंप बबरिया प्राथमिक शाला में आयोजित होगा। इसी तरह 17 मई को शास्त्री वार्ड का कैंप गायत्री मंदिर प्रांगण में, सीव्ही रमन वार्ड का कैंप मिशन हाई स्कूल में, कबीर वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला डूण्डासिवनी में, 18 मई को टैगौर वार्ड का कैंप डिस्लरी मैदान, महावीर वार्ड का कैंप जिला स्कूल में, गुरूनानक वार्ड का कैंप पुराना राजस्व शाखा मैदान में कैंप आयोजित होंगे। 19 मई 23 को मेजर ध्यानचंद वार्ड का कैंप उर्दू स्कूल में, सुभाष वार्ड का कैंप महावीर व्यायाम शाला में, गांधी वार्ड का कैंप भवानी मढ़िया चौक में, 20 मई 23 को शहीद वार्ड का कैंप यादव मंगल भवन मैदान में, अशोक वार्ड का कैंप अग्रवाल धर्मशाला में, संजय वार्ड का कैंप सोनी बाबा की मजार के पास, 22 मई 23 को आजाद वार्ड का कैंप प्राथमिक कन्या याला मठ स्कूल में, विवेकानंद वार्ड का कैंप गुलशेर बाबा की मजार के पास, 23 मई 23 को रानी दुर्गावती का कैंप विवेकानंद स्कूल में, कस्तूरबा वार्ड का कैंप पाठक चौक में, केदवई वार्ड का कैंप पुराना फिल्टर प्लांट, 24 मई 23 को अंबेडकर वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन, भगतसिंह वार्ड का कैंप हड्डी गौदाम एवं पृथ्वीराज चौहान वार्ड का कैंप हनुमान व्यायामशाला में आयोजित होगा।

### बरघाट नप. क्षेत्र में

नगर परिषद बरघाट अंतर्गत 16 मई को मां गायत्री वार्ड का कैंप शासकीय प्राथमिक शाला सभा मंच में, मां संतोषी वार्ड का कैंप नवीन प्राथमिक शाला में 17 मई 23 को सरोजिनी नायडू वार्ड का कैंप नेताजी ग्राउंड शासकीय उर्दू शाला में, महात्मा गांधी वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन थाने के पास 18 मई 23 को अंबेडकर वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 5 में, चंद्रशेखर आजाद वार्ड का कैंप चंद्रशेखर आजाद चौराहा में 19 मई को बजरंग वार्ड का के मंगल भवन में, सुभाष चंद्र बोस वार्ड का कैंप बजरंग चौक सभा मंच में, 21 राजेंद्र प्रसाद वार्ड का कैंप सभा मंच वृत्ताकार समिति के सामने जवाहर लाल नेहरु वार्ड का कैंप मंगल भवन में 22 मई को इंदिरा गांधी वार्ड का कैंप सभा मंच राजेश्वरी चौक में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का कैंप सभा मंच नगर परिषद के सामने, 23 मई को छत्रपति शिवाजी वार्ड का कैंप रामनगर चौराहा हनुमान मंदिर के पास महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन किसान राइस मिल के पास एवं 24 मई को राजीव गांधी वार्ड का कैंप नवीन प्राथमिक शाला के सामने आयोजित होगा।

### केवलारी नप क्षेत्र में

नगर परिषद केवलारी अंतर्गत 16 मई को गांधी वार्ड का कैंप खर्चा रोड सोसाइटी के पास टैगोर वार्ड का केम पंचायत भवन रोड के पास, 17 मई को सुभाष वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र सिरौली में अंबेडकर वार्ड का कैंप पंचायत भवन भवन बोथिया में 18 मई को शास्त्री वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र कोटा में विवेकानंद वार्ड का कैंप पंचायत भवन बगलाई में 19 मई को नेहरू वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र कचहरी में आजाद वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र डोकररांची में 21 मई को भगत सिंह वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र मल्हारी में इंदिरा वार्ड का कैंप नगर परिषद कार्यालय के बाजू में 22 मई को मेजर ध्यानचंद अवार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र केवलारी


शेष पृष्ठ 02 पर


## जबरन नॉलेज



# हिब्ज-उत-तहरीर (HuT) के आतंकवादी रायसेन के जंगल में करते थे कैंप, लेते थे फायरिंग की ट्रेनिंग

डॉ. मयंक चतुर्वेदी-

भोपाल । भारत में इस्लामिक आतंकी किस तरह से जिहाद के रास्ते पर चलकर गैर मुसलमान को टार्गेट करने में लगे हैं, इसके एक के बाद एक कई मामले सामने आ चुके हैं। विदेशी फडिंग, मदरसों का सहयोग, कुरान की आयतों का अपनी सुविधानुसार इस्तेमाल, भड़काऊ भाषण से रुपया इकट्ठा करना और आनेवाले वे त में भारत को इस्लामिक देश बना देने का इनका स्वप्न है।

कहा जाए कि यदि इन चरमपंथियों के आपसी गठजोड़ और मंसूबे अब तक बार-बार सामने आने के बाद भी सफल नहीं हो पाए हैं तो इसका श्रेय देश की गुप्तचर संस्थाओं की सजगता, सक्रियता, एनआईए और राज्यों की एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) को जाता है । सोच सकते हैं कि ये सभी सतर्क, मुस्तैद न हों तो देश का ये आतंकी` या हाल करेंगे !

ताजा मामले में एक बार फिर मध्य प्रदेश के %एंटी टेररिज्म स्क्वॉड% के हाथों बड़ी सफलता लगी है। एटीएस की ये कार्रवाई उन तमाम से युलर वादी लोगों के मुंह पर भी एक तमाचा है जो हाल ही में इस्लामिक आतंक एवं लव जिहाद को केंद्र में रखकर बनाई गई फिल्म %%द केरल स्टोरी%% का विरोध करने में लगे हैं और इसे झूठा करार दे रहे हैं।

सोचने वाली बात है कि ये सभी खतरनाक मानसिकता रखने वाले गिर तार चरमपंथी जिम ट्रेनर, क प्यूटर टे नीशियन, दर्जी, ऑटो ड्राइवर आदि के रूप में आमजन के मध्य रहकर अपने कार्य कार्य को अंजाद दे रहे थे, जिसमें कि एक तो भोपाल के कोहेफिजा में %एडुफोरम ट्यूटोरियल्स% नाम से अपना कोचिंग सेंटर चला रहा था। (शिक्षा के माध्यम से इस्लामिक जिहाद फैलाने का प्रयास) । एक एनजीओ से जुड़ा हुआ नाम सामने आया है। पकड़े गए आतंकियों का स्वप्न भारत में इस्लामिक शरिया कानून लागू करना है

मध्य प्रदेश में एटीएस चीफ आदर्श कटियार और उनकी टीम ने जिस आतंकवादियों के मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है, वह गैर मुसलमानों के लिए इतना स त है कि भारत में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के स्थान पर इस्लामिक शरिया कानून लाना चाहता है। दुनिया के 60 देशों में अपना नेटवर्क स्थापित कर देनेवाले इस इस्लामिक चरमपंथी आतंकी संगठन हिज्ब उत् तहरीर (HuT) का वाब भारत में गजवा-ए-हिंद करना है। गजवा का अर्थ होता है- इस्लाम को फैलाने के लिए की जाने वाली जंग। इस युद्ध में शामिल इस्लामिक लड़ाकों को %गाजी% कहा जाता है। इस तरह मोटे तौर पर गजवा-ए-हिंद का अर्थ हुआ भारत में युद्ध के जरिए



इस्लामिक राज्य की स्थापना करना। मध्य प्रदेश में भी इस विचार के सवप्न को साकार करने के लिए इस्लामिक चरमपंथी-आतंकियों ने बड़ी-बड़ी योजनाएं बना रखी थीं, लेकिन मध्य प्रदेश एटीएस ने पिछले 24 घण्टों में अनेक स्थानों पर छापामारी कर राज्य में गुपचुप तरीके से पनप रहे हिज्ब उत् तहरीर (॥ह्वञ्ज) संगठन के 16 संदिग्ध आतंकियों को गिर तार किया है। ये राज्य के जंगलों का इस्तेमाल रायफल चलाने के प्रशिक्षण के लिए कर रहे थे। इसके पास से मिले देशविरोधी दस्तावेज, तकनीकी उपकरण, कट्टरवादी साहित्य और अन्य जब्त की गई तमाम सामग्री इनके आतंक के रास्ते पर चलने का पु ता प्रमाण दे रहे हैं। आरोपितों को 19 मई तक के लिए रिमांड पर भेजा

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का इस संबंध में कहना है %%भोपाल से गिर तार किए गए कट्टरपंथी संगठन हिब्ज-उत-तहरीर (HuT) से जुड़े 10 लोगों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। हैदराबाद से गिर तार 5 अन्य सदस्यों को भोपाल लाया जा रहा है।%% उन्होंने बताया कि पांच जो लोग हैदराबाद (तेलंगाना) से गिर तार किए गए, उन्हें भी पुलिस पार्टी भोपाल ला रही है। इन सभी की फडिंग की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपितों को 19 मई तक के लिए रिमांड पर भेजा गया है।

उन्होंने कहा %ये लोग मध्य प्रदेश में जिला रायसेन के जंगलों में कैंप करके गोलीबारी का प्रशिक्षण लेते थे। ये सब बातें जांच के दायरे में आ गई हैं। राष्ट्रविरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में कथित तौर पर लिप्त हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के 11 सदस्यों को मध्य प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कल गिर तार किया था।%

### ये है आतंकी संगठन एचयूटी के खिलाफ देश में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

मध्य प्रदेश एटीएस ने भोपाल के शाहजहांनाबाद, ऐशबाग, लालघाटी और पिपलानी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन हिज्ब उत् तहरीर से जुड़े कई सदस्यों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है, जोकि देश की अब तक की इस आतंकी संगठन को लेकर सबसे बड़ी कार्रवाई भी है। राजधानी भोपाल से दस तो राज्य के छिंदवाड़ा जिले से एक सदस्य को गिर तार किया गया। साथ ही तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से पांच सदस्यों को अभिरक्षा में लिया गया है। मप्र पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ यूएपीए (Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967) एवं अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

भोपाल से गिर तार किए गए संगठन के सदस्यों में यासिर खान 29 वर्ष निवासी शाहजनाबाद भोपाल (जिम ट्रेनर), सैयद सामी रिजवी 32 वर्ष निवासी मेलेनियम हेबिटेट शहीद नगर, भोपाल (कोचिंग टीचर), शाहरूख निवासी जवाहर कॉलोनी ऐशबाग भोपाल (दर्जी), मिस्बाह उल हक 29 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ऐशबाग, भोपाल (मजदूरी), शाहिद निवासी जवाहर कॉलोनी, ऐशबाग, भोपाल (ऑटो ड्राइवर), सैयद दानिश अली 7 निवासी सोनिया गांधी कॉलोनी, ऐशबाग, भोपाल (सॉ टवेयर इंजीनियर), मेहराज अली 25 वर्ष निवासी मसूद भाई का मकान, ऐशबाग, भोपाल (क प्यूटर टे नीशियन), खालिद हुसैन 40 वर्ष निवासी बारेला गांव लालघाटी भोपाल, (टीचर और व्यवसायी), वसीम खान निवासी उमराव दूल्हा, ऐशबाग, भोपाल, मोह मद आलम 35 वर्ष निवासी नूरमहल रोड, चौकी इमामबाड़ा, भोपाल और करीम निवासी छिंदवाड़ा (प्रायवेट नौकरी) करनेवाले हैं जोकि आमजन के मध्य कार्य करते हुए संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

### ऐसे करते थे प्रशिक्षण, भर्ती और तैयारी

सभी गिर तार गोपनीय रूप से जंगलों में जाकर` लोज कॉ बैट ट्रेनिंग कैंप आयोजित कर निशानेबाजी की प्रैं टस करते थे। उक्त प्रशिक्षण कैंप में हैदराबाद से आए संगठन के दक्ष प्रशिक्षक द्वारा कैंप में शामिल सदस्यों को ट्रेनिंग दी जाती थी । गोपनीय रूप से दर्श (धार्मिक सभा) आयोजित कर भड़काऊ तकरीरें दी जाकर जेहादी साहित्य का वितरण किया जाता था आरोपियों द्वारा ऐसे नवयुवकों की पहचान की जा रही थी, जो उग्र स्वभाव के हों और उन्हें संगठन के लिए अपनी जान देने में कोई हिचक ना हो। सभी आरोपी आपस में बातचीत करने के लिए डार्क वेब में प्रचलित विभिन्न क युनिकेशन ऐप जैसे %रॉकेट चैट%, %श्रीमा% एवं अन्य ऐप का उपयोग करते थे, जिनका उपयोग अधिकतर आतंकी संगठन जैसे %आईएसआईएस द्वारा भी किया जाता है।

यह थी आतंकी संगठन की योजना संगठन की योजना ज्यादा से ज्यादा नवयुवकों को अपने संगठन से जोड़ने और उन्हें हिंदुओं के विरुद्ध जेहाद के लिए तैयार करना है। सदस्यों को संगठन के लिए चंदा एवं संसाधन एकत्रित करने के लिए कहा जाता था। इनकी बड़े शहरों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बड़ी घटना को अंजाम देकर लोगों में भय पैदा करने की मंशा थी। इसके लिए संगठन के सदस्यों द्वारा भारत के बड़े शहरों को चिन्हित किया गया था। वे विभिन्न स्थानों पर ड्रोन से टारगेट और क्षेत्र की रेकी करते थे। रेकी के पश्चात क्षेत्र का ने शा तैयार कर घटना घटित करने की योजना तैयार कर रहे थे।

### हिज्ब उत् तहरीर संगठन पर लगा है 16 देशों में प्रतिबंध

हिज्ब उत् तहरीर अथवा तहरीक-ए-खिलाफत संगठन का नेटवर्क 60 से अधिक देशों में फैला हुआ है। इस संगठन पर 16 देशों में प्रतिबंध लग चुका है। यह संगठन भारत में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के स्थान पर इस्लामिक शरिया कानून लाना चाहता है। इसके लिए संगठन ने मध्यप्रदेश में भी गुपचुप तरीके से अपना कैडर तैयार करना प्रारंभ कर दिया था। संगठन से जुड़े सदस्यों का उदेश्य नवयुवकों को भारत की वर्तमान शासन प्रणाली इस्लाम विरोधी बताकर संगठन से जोड़ना था। संगठन के सदस्य लोगों को भड़काकर और हिंसक कार्रवाई कर खिलाफत कायम करना चाहते थे।

पृष्ठ 01 का शेष -----

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत वार्डवार शिविरों------

संक्रमणीय के पास मालवीय वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र टिगरा मोहल्ला केवलारी में 23 मई को अवंती बाई वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र लोधी मोहल्ला केवलारी में तिलक वार्ड का आंगनवाड़ी केंद्र केवलारी में तथा 24 मई को राधा-कृष्ण वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित होगा।

नगर परिषद छपारा अंतर्गत 16 मई को रानी दुर्गावती वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन गहरा नाला में सुभाष वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन तिन्सा में, 17 मई को शिव नगर वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला भवन लाल माटी में तिलक वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन संजय कॉलोनी में, 18 मई को अंबेडकर वार्ड का कैंप संत रविदास भवन अंबेडकर वार्ड में शहीद वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी भवन कोरी वार्ड में 19 मई को महावीर वार्ड का कैंप प्राथमिक अ यास शाला भवन में अब्दुल कलाम वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन सोनी मोहल्ला में 21 मई को आजाद वार्ड का कैंप महावीर व्यामशाला भवन लोधी मोहल्ला में विवेकानंद वार्ड का कैंप खेरमाई मंदिर प्रांगण में 22 मई को रानी लक्ष्मीबाई वार्ड का कैंप सामुदायिक भवन संजय कॉलोनी में महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप खेरमाई मढ़िया दुर्गा मंदिर प्रांगण में 23 मई को भगत सिंह वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन छपारा में हनुमान वार्ड का कैंप नगर परिषद भवन छपारा में तथा 24 मई को शिवाजी वार्ड का कैंप प्राथमिक शाला भवन देवरी कला एवं प्राथमिक शाला भवन गोकुलपुर में आयोजित होगा।

नगर परिषद लखनादौन अंतर्गत 16 मई को लक्ष्मीबाई वार्ड का कैंप खेरमाई मंदिर निवारी टोला में आजाद वार्ड का कैंप शंकर मंदिर में 17 मई को सुभाष वार्ड का कैंप दुर्गा मंदिर अयोध्या बस्ती में शिवाजी वार्ड का कैंप दुर्गा रंगमंच मिशन टोरिया में 18 मई को विनोबा भावे वार्ड का कैंप एनआईसीटी के बाजू में विवेकानंद वार्ड का कैंप पुराना नेशनल स्टार स्कूल के सामने 19 मई को महावीर वार्ड का कैंप दुर्गा मंच समनापुर में रानी दुर्गावती वार्ड का कैंप सार्वजनिक दुर्गा मंच में 21 मई को महाराणा प्रताप वार्ड का कैंप नरसिंह मंदिर में गांधी वार्ड का कैंप आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 10 में 22 मई को सरोजिनी नायडू वार्ड का काम शंकर मडिया में भगत सिंह वार्ड का कैंप संकर मढ़िया मंदिर में 23 मई को शास्त्री वार्ड का दुर्गा चौक सभा मंच में जयप्रकाश वार्ड का कैंप आदिवासी भवन के पास एवं 24 मई को अंबेडकर वार्ड का कैंप अंबेडकर चौराहा में आयोजित होगा।

# पार्टी संगठन की गतिविधियां और सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाए मीडिया विभाग

## *मीडिया विभाग की बैठक में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री ने किया आह्वान*

भोपाल। मीडिया विभाग के लोग पार्टी का चेहरा हैं। जनता उन्हें पहचानती है। उनकी जि मेदारी है कि वे पार्टी के दोनों अंगों संगठन तथा सरकार की छवि को जनता के बीच प्रस्तुत करें। पार्टी की गतिविधियों तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कामों को पूरी ताकत से जनता तक पहुंचाएं। यह बात पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने गुरुवार को पार्टी के मीडिया विभाग की प्रदेश स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं निवृत्तमान मीडिया प्रभारी तथा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर मंचासीन थे। बैठक के पूर्व पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश शर्मा गुड्डू भैया के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### *पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने में सहभागी बने मीडिया विभागः –मुरलीधर राव*

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा कि पार्टी अब चुनाव मोड में आ गई है। इन चुनावों के लिए पार्टी ने अपने लक्ष्य तय किए हैं। इनमें से एक है 200 से ज्यादा सीटें हासिल करना और दूसरा है 51 प्रतिशत वोट शेयर। अपने स्तर पर पार्टी इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए अभियान और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह मीडिया विभाग की जि मेदारी है कि वह अपने स्तर पर पार्टी को इन लक्ष्यों तक पहुंचाने के काम में सहभागी बनें। श्री राव ने कहा कि हमें जिला और मंडल स्तर तक प्रशिक्षित, विषय की जानकारी रखने वाले, सक्रिय और उर्जावान प्रवक्ताओं को पार्टी से जोड़ना है ताकि हम चुनाव में पूरी ऊर्जा के साथ काम कर सकें। हमें यह भी ध्यान रखना है कि जो नए लोग विभाग से जुड़ें, उनमें हर वर्ग का प्रतिनिधित्व हो। श्री राव ने कहा कि मीडिया विभाग में विभिन्न भूमिकाओं में काम करने वाले कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की समीक्षा हो और उनके मूल्यांकन के लिए मापदंड तय किए जाएं। उन्होंने कहा कि मीडिया विभाग में अनेक श्रेणियां हैं। सबकी अलग-अलग भूमिकाएं हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपनी भूमिका को पहचाने और उसके अनुरूप काम करे, ताकि विभाग का काम सहजता से चलता रहे।

### *एक टीम के रूप में विरोधियों को जवाब दें मीडिया कार्यकर्ता – विष्णुदत्त शर्मा*

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मीडिया विभाग का काम बहुत बड़ा है। मीडिया विभाग पार्टी की छवि, उसके चेहरे को उभारता है। जनता में पार्टी के प्रति धारणा बनाता है। जो बात हमारे प्रदेश स्तर के प्रवक्ता बोलते हैं, उसका ही अनुसरण हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ता भी करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि मीडिया विभाग के लोग निरंतर अध्ययन करें, अपने आपको अपडेट रखें और अपने प्रदर्शन में सुधार कैसे हो सकता है, इस पर विचार करें। उन्होंने मीडिया विभाग के काम को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विरोधियों द्वारा समाज में फैलाएं जा रहे झूठ को बेनकाब करना, उनके राष्ट्र विरोधी दुष्प्रचार और हथकंडेबाजी को पहचानना तथा उनके ''डर्टी ट्रिक'' डिपार्टमेंट को पूरी ताकत से जवाब देना भी मीडिया विभाग की जि मेदारी है। श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मीडिया विभाग के कार्यकर्ता एक टीम के रूप में विरोधियों को जवाब दें, यही पार्टी की अपेक्षा है। इसके लिए अपने विषयों में पारंगत लोगों को विभाग से जोडें। आवश्यकता के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं, बोलियों के जानकारों को भी इसमें शामिल करें, ताकि वे इन भाषाओं में पार्टी की आवाज को जनता तक पहुंचा सकें।

### *दोहरी भूमिका का निर्वाह करे मीडिया विभागः – हितानंद जी*

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने कहा कि जैसे-जैसे संचार के साधन बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे प्रचार के माध्यम




भी बदल रहे हैं। मीडिया के क्षेत्र में हर रोज नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। पहले अखबार, फिर रेडियो, टेलीविजन और अब न्यूज पोर्टल तथा सोशल मीडिया भी इसमें शामिल हो गए हैं। इसके साथ-साथ मीडिया विभाग का काम भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया विभाग का काम दोहरी भूमिका वाला है। एक तरफ जनता के बीच, पार्टी में बूथ स्तर तक संगठन तथा सरकार के कामों की जानकारी पहुंचाना है, तो वहीं दूसरी तरफ हमारे विरोधी दलों की गतिविधियां` या हैं, नीचे के स्तर पर` या चल रहा है, इसकी जानकारी पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाना है। मीडिया विभाग के लोगों को इन दोनों ही भूमिकाओं में काम करना है। हितानंद जी ने कहा कि मीडिया विभाग में कुछ समय पहले ही विभिन्न स्तरों तक प्रशिक्षण हुए हैं और हमारा प्रदेश का तंत्र विकसित हो चुका है। लेकिन हमें इस बात की चिंता करनी होगी कि जिला स्तर पर हमारा तंत्र कैसे अपडेट रहे और सक्रियता के साथ अपनी भूमिका का निर्वाह करे।

### *मीडिया विभाग की प्राथमिकता रहेगी नवाचार – आशीष अग्रवाल*

बैठक में प्रस्तावना भाषण देते हुए नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष अग्रवाल ने नयी जि मेदारी के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे प्रदेश मीडिया प्रभारी की जि मेदारी देकर संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर मैं खरा उतरूंगा और इस दायित्व के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह पद नहीं दायित्व है, ईश्वर से प्रार्थना है कि मुझे सामर्थ्य और शक्ति दें, जिससे मैं इस दायित्व को बखूबी निभा सकूं। श्री अग्रवाल ने कहा कि मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा के कुशल और प्रेरक नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है। उसी क्रम में मीडिया टीम भी अपनी जि मेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है। नये नवाचार मीडिया टीम की प्राथमिकता रहेगी।

बैठक का संचालन प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र शिवाजी पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश प्रवक्ता डॉ हितेश वाजपेयी ने किया। बैठक में सह मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता तथा जिलों के मीडिया प्रभारी एवं सह मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

# शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये चिकित्सा शिक्षा प्रवेश में 5 प्रतिशत सीट आरक्षित

## चिकित्सा शिक्षा नियम में संशोधन जारी

भोपाल -राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार अब शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अ यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अ यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अ यर्थी और सैनिक अ यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

संशोधन अनुसार प्रवर्ग को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि इसमें महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्रवेश के आधार पर कक्षा-1 से 8 तक निजी विद्यालयों में अध्ययन करने के बाद शासकीय विद्यालय में कक्षा-9 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो, को शामिल किया गया है।

संशोधन नियमानुसार स्नातक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/बीडीएस) के लिये शासकीय विद्यालय विद्यार्थी प्रवर्ग से प्रवेश के लिये अ यर्थी को संबंधित विभाग के जिला शिक्षाधिकारी/जिला संयोजक/सहायक आयुक्त द्वारा जारी किये गये, इस आशय के प्रमाण-पत्र को मूल प्रति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि अ यर्थी नियम-2ब की अपेक्षा पूर्ण करता है।

# पेट्रोल पंपों की सांठगांठ से किराना दुकानों में बिक रहा पेट्रोल डीजल

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल मंडला जिले में पेट्रोल पंप की सांठगांठ से किराना व अन्य दुकानों में पेट्रोल डीजल धड़ल्ले से बिक रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए कई लोगों ने बताया कि मंडला जिले की तहसील नैनपुर के पठार क्षेत्र के ग्रामों में संचालित पेट्रोल पंपों में कभी भी पेट्रोल और डीजल का टोटा हो जाता है यह समस्या हमेशा बनी रहती है। नागरिकों का आरोप है कि किराना व अन्य दुकानदारों को पेट्रोल डीजल ज्यादा मात्रा में दे दिया जाता है इसकी वजह से पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल खत्म हो जाता है और वही पेट्रोल-डीजल जो थोक में दिया जाता है उसे किराना व अन्य दुकानदार महंगी कीमत पर जरूरतमंदों को विक्रय करते हैं यह सब कुछ पेट्रोल पंपों की सांठगांठ से हो रहा है। जना अपेक्षा है जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए पेट्रोल पंपों में सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। कई पेट्रोल पंपों में ऊपर छत नहीं लगाया गया है और जमीन में सीमेंट्री करण भी नहीं किया गया है इस तरह से तमाम तरह की समस्याएं हैं जिन्हें दूर नहीं किया जा रहा है जन अपेक्षा है सरकार जांच कराए।

# गौरक्षा संकल्प स मेलन आज

## मु यमंत्री विकासखण्डों को रवाना करेंगे 406 मोबाइल पशु चिकित्सा ए बुलेंस

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 12 मई को पूर्वान्ह 11 बजे भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर गौरक्षा संकल्प स मेलन का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रदेश के शहरी क्षेत्रों सहित सभी विकासखंडों के लिए 406 पशु चिकित्सा ए बुलेंस को रवाना करेंगे। स मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल करेंगे और मध्यप्रदेश गौ-संवर्धन बोर्ड कार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि विशिष्ट अतिथि होंगे। स मेलन में गौ-संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने वाले शासकीय विभागों के प्रतिनिधि, स्वैच्छिक संगठन, पर्यावरण एवं जैविक, प्राकृतिक कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रबुद्ध वर्ग, गौशाला संचालक, स्व-सहायता समूह, गौ-संरक्षण में संलग्न सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

मोबाइल पशु चिकित्सा ए बुलेंस केन्द्र एवं राज्य शासन की संयुक्त योजना है। ए बुलेंस संचालन में प्रतिवर्ष लगभग 77 करोड़ रूपये व्यय होंगे। इसमें केन्द्रांश एवं राज्यांश का अनुपात 60¬40 होगा। ए बुलेंस में पशु उपचार, शल्य चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, रोग परीक्षण आदि के लिए सभी संबंधित उपकरण मौजूद रहेंगे। कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर ÷1962÷ पर कॉल करके पशुपालक अपने घर पर ही पशु चिकित्सा का लाभ उठा सकेंगे। ए बुलेंस में एक पशु चिकित्सक, पैरावेट और सहायक सह-चालक रहेंगे। ए बुलेंस राज्य स्तरीय कॉल सेंटर से जुड़ी रहेंगी। ए बुलेंस की मॉनिटरिंग जीपीएस से की जायेगी।

गौवंश संरक्षण राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है। मध्यप्रदेश गौवंश संरक्षण और रक्षा के लिए कड़े कानून लागू करने वाले देश के अग्रणी राज्यों में हैं। गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम में गाय का वध करने पर 7 साल की सजा का प्रावधान है। प्रदेश में 1762 गौशालाओं में 2 लाख 87 हजार गौवंश का पालन हो रहा है। वर्ष 2022-23 में इनके चारे के लिए 202 करोड़ 34 लाख का अनुदान

# कले ट्रेट परिसर में 4 से अधिक लोग एकत्रित हुए तो होगी कार्यवाही, धारा 144 लागू

मंडला यशोः- कले ट्रेट परिसर में चार से अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है कले टर ने धारा 144 लगाने के निर्देश गुरूवार को जारी कर दिए हैं। हालांकि ये आदेश अचानक` यों जारी किए गए इसकी जानकारी सामने नहीं आई है वहीं सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से कले ट्रेट मार्ग में विभिन्न शासकीय कर्मचारी संगठनों द्वारा अपनी-अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जो समय-समय में रैली निकालकर भीड़ के रूप में कले ट्रेट ज्ञापन देने विरोध प्रदर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे।

**ये हुए आदेश**

कले टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कार्यालय कले टर परिसर जिला मंडला में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत एक ही स्थान पर 4 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्र होना प्रतिबंधित किये जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि कले टर कार्यालय परिसर मण्डला में विभिन्न संगठनों, धार्मिक, सामाजिक जुलूस के प्रदर्शन, धरना, रैली आदि के प्रयोजन में 4 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र होने में प्रतिबंध रहेगा।

**ये माने जा रहे कारण**

गुरूवार को भी ग्राम ठेभा से बड़ी सं या में ग्रामीण सचिव को हटाने की मांग लेकर कले ट्रेट परिसर पहुंच गए थे इस दौरान ग्रामीणों ने यहां कले टर की गाड़ी भी रोक ली थी संभवतः इन्हीं सब कारणों से कले ट्रेट परिसर में भीड़ एकत्रित करने पर अब कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं इस आदेश का असर कले ट्रेट परिसर में जमा उन माफ़िआओं पर भी होगा जो खनिज कार्यालय के सामने बैठकर खनिज अधिकारी, इंसपे टरों पर नजर बनाए रहते हैं जैसे ही अधिकारी, इंसपे टर कार्यालय से बाहर निकलते हैं, जिले भर में जगह-जगह अवैध रूप से खनिज उत्खनन-परिवहन कर रहे माफिया अधिकारियों, इंसपे टरों के वाहनों का पीछा करते हैं इस संबंध में पूर्व में खनिज अधिकारी द्वारा पुलिस को भी सूचना दी गई थी लेकिन अभी भी खनिज माफ़िआओं का डेरा खनिज कार्यालय के सामने लगा रहता है कले टर द्वारा जारी किए गए 144 की धारा के निर्देश का फायदा कम से कम खनिज अधिकारियों को जरूर मिलेगा` योंकि अब खनिज माफिया कम से कम कले ट्रेट परिसर में जमा नहीं रह पाएंगे।

# घर घर पहुचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता-गांव गांव जाकर भरे जाएंगे नारी स मान योजना के फॉर्म

## वनांचल मवई के चंदगांव में कांग्रेस की बैठक आयोजित

मण्डला यशोः- कांग्रेस की नारी स मान योजना गेम चौंबर साबित होने वाली है। गांव गांव में योजना को लेकर खासा उत्साह है। महिलाएं स्वतः प्रेरित होकर फॉर्म भरने आ रही हैं और सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है, 18 वर्ष से लेकर हर उम्र की महिलाओं को फॉर्म भरवाए जाएंगे। यह योजना प्रदेश के भावी मु यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के स्वर्णिम विकसित मप्र के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है।

जिले के वनांचल मवई के अंतिम छोर में हमारी यह बैठक और इसमें आप कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति से यह साफहो गया है कि यह योजना अब गांव गांव घर घर पहुचेगी। यह कहना है बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा का, जिन्होंने गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मवई के ग्राम चंदगांव में आयोजित मोतीनाला मंडलम की बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रभारी दिनेश यादव व सह प्रभारी मामूर गुड्डु ने मोतीनाला मंडलम की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों व निर्देशों की जानकारी दी। इस बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष रानू हरदहा ने मवई क्षेत्र नारी स मान योजना के क्रियान्वयन की योजना से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने भी संगठनात्मक निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक




के पश्चात क्षेत्र के युवाओं व महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता लेने वालों में श्रीमती छोटी बाई धवैया, तिरलोक सिंह मरावी, चंदन दास, पीतम उइके, गणेश दास, बीरबल दास, सोन सिंह, मान सिंह, रज्जू सिंह, राम रुप, धन सिंह, लाल सिंह, चौन लाल, जवाहर यादव, कन्हैया दास, ज्यांवती बाई, सनासैन यादव, बहादुर परते, धनीराम धुर्वे, भुअन धुर्वे, तिष्यसिंह पंद्रे, दिनेश धुर्वे, राम सिंह कुशराम, इंदर सिंह मरावी, सरवन सिंह, लोक सिंह, बिरण मरकाम, अजब सरोते, सुन्हर सिंह धुर्वे सहित मवई से शैलेश पाठक, दिनेश पटेल तथा आरआर कैफे के सायोंजक राकेश रजक शामिल रहे। इन सभी का कांग्रेस का पटका पहनाकर तिलक लगाकर कांग्रेस में स्वागत किया गया।

इस दौरान कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बोधु मरावी ,संजय भलावी, बिंदु जायसवाल, खुदीराम धुर्वे, एजाज खान, प्रकाश साहू, सरफराज खान, प्रशांत पाठक, मूलचंद, से टर अध्यक्ष आशीष राय, सुशील बड़ा, सरपंच श्रीमती बिष्नी बाई मरावी, जनपद सदस्य हरे सिंह पंद्रे, वरिष्ठ सदस्य बिरजू नायक, दाऊ राम, आशोक बंजारा, निर्मल बड़ा, तिहारी पंद्रे, हलकरी दास सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने एमआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई तथा संबंधित विभागों के माध्यम से संचालित सड़क निर्माण कार्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने एमपीआरडीसी की समीक्षा करते हुए मंडला-जबलपुर रोड के टेंडर कार्य एवं मर मत संबंधित विस्तार से जानकारी ली। कले टर ने इस दौरान एमपीआरडीसी के माध्यम से अन्य सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति भी जानी। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि 15 जून तक सड़कों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दें। डॉ. सिडाना ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत निर्माण/मर मत की जाने वाली सड़कों की सुदृढ़ीकरण योजना, मजबूतीकरण तथा नवीनीकरण योजना के अंतर्गत कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए पूर्ण, प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों के बारे में पूछा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़कों के कार्य के दौरान जल-जीवन मिशन के संपन्न हुए कार्यों को अनावश्यक रूप से क्षति न पहुंचाएं। इस दौरान किए जाने वाले कार्यों को विभागीय समन्वय के साथ पूर्ण करें।

# अध्यक्ष म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग बिसेन का दौरा कार्यक्रम



मंडला यशोः- अध्यक्ष म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग (केबीनेट मंत्री दर्जा) एवं सभापति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति म.प्र. विधानसभा (पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री) तथा विधायक बालाघाट गौरीशंकर बिसेन का 14 मई 2023 को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री बिसेन 14 मई 2023 को दोपहर 12 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे एवं दोपहर 2 बजे मंडला सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे सर्किटहाउस में पत्रकार वार्ता करेंगे। श्री बिसेन दोपहर 3:30 बजे कृषि मेले के संबंध में मंडला तथा डिंडौरी के मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे तथा शाम 5 बजे मंडला से परसवाड़ा जिला बालाघाट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022-23: दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक जानकारी

मंडला यशोः- अपर कले टर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी परीक्षा नियंत्रक म0प्र0 लोक सेवा आयोग इंदौर के निर्देशानुसार राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022-23 (परीक्षा 21 मई 2023 रविवार) को होने वाली परीक्षा में दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए सुविधायें निर्धारित की गई हैं। दृष्टिबाधित, उपरी हिस्से में हाथ से निःशक्त तथा सेरिब्रल पल्सी से निःशक्तजन परीक्षार्थी। 1995 में परिभाषित अशक्तता वाले परीक्षार्थी। अचानक बीमार होने व लिखने में असमर्थ हों, चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र सर्जन रैंक का प्रस्तुत करें। दुर्घटना हो जाने पर लिखने में असमर्थ हों, चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। अ यर्थियों को सहायक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान की जागी। अ यर्थी द्वारा स पूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित परीक्षा दिनांक से एक दिवस पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के स मुख प्रस्तुत करेगा। अतिरिक्त लेखन सहायक की सुविधा हेतु लेखन सहायक से घोषणा पत्र भरवाया जावेगा। लेखन सहायक

# पहलवानों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन



मंडला यशोः- देश की आन बान और शान महिला पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति विभा पटेल जी के निर्देशानुसार जिला मण्डला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति शकुन जंघेला के नेतृत्व में महिला पहलवानों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करके न्याय दिलाने की बात कही जिसमें श्रीमति सुमन श्रीवास, श्रीमति इंदिरा सोनवानी, श्रीमति संगीता तिवारी, श्रीमति अनीता चंदेल, ज्योति उईके, सपना उईके, अंजू नामदेव, मीना मसराम, सुनीता परते, सविता मराबी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र राजपूत, जिला सेवादल अध्यक्ष जीतराज कछवाहा, नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस हनी बर्बे, कोविंद सिंह ठाकुर , किशन उईके, एवं अन्य महिला,कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा - डॉ. सिडाना

## ट्रायबल विभाग के निर्माण कार्यों की बैठक में कले टर के निर्देश

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अलग-अलग निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं वे सभी कार्य सोमवार तक अनिवार्यतः शुरू हो जाएं। डॉ. सिडाना ने सभी कॉन्टे टर्स को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। कले टर ने विकासखंडवार निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित सभी इंजीनियर्स एवं कॉन्टे टर्स के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्यों को पूर्ण कराने में लापरवाही बरतने के चलते सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं विभाग के उपयंत्री को नोटिस देने के निर्देश दिए।

**रंगाई-पुताई आकर्षक ढंग से**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया की शासकीय भवनों की रंगाई-पुताई का कार्य आकर्षक ढंग से पूर्ण करें। इसी प्रकार शैक्षणिक संस्थाओं, छात्राओं, स्कूलों आदि शासकीय भवनों की रंगाई-पुताई के दौरान गोंडी पेंटिंग सहित अन्य प्रकार की आकर्षक चित्रकलाओं को बनाएँ। उन्होंने इस संबंध में सभी कॉन्टे टर्स को भी ज़रूरी निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित कॉन्टे टर्स को कले टर ने नोटिस देने के निर्देश दिए।



**छतों की वॉटर प्रुफिंग अनिवार्यतः करें**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी कॉन्टे टर्स को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ करें। इसी प्रकार 15 जून से पूर्व अधिकाधिक निर्माण कार्यों को पूरा करें। उन्होंने बाहर के निर्माण कार्यों को बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय निर्माण कार्यों की छतों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। छतों की वाटरप्रूफिंग अनिवार्यतः सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसी ट्रायबल को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों की पीपीटी में निर्माण कार्यों से संबंधित जियो टैग फ़ोटो अनिवार्यतः शामिल करें।

# कले ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन प्राप्त करने ड्यूटी निर्धारित

मंडला यशोः- अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा अन्य संगठनों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को दिए जाने वाले ज्ञापन को प्राप्त करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अंतर्गत सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को संयुक्त कले टर आशाराम मेश्राम नियुक्त है। उनके प्रथम लिंक अधिकारी के रूप में प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी तथा द्वितीय लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रामसिंह उलाड़ी नियुक्त है। इसी प्रकार गुरूवार तथा शुक्रवार को संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे नियुक्त है। उनके प्रथम लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख इंद्रजीत सिंह तथा द्वितीय लिंक अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार डॉ. अजेन्द्र नाथ नियुक्त है।

प्रत्येक माह के शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस के तहत प्रथम, द्वितीय शनिवार, रविवार के लिए नायब तहसीलदार डॉ. अजेन्द्र नाथ नियुक्त है। उनके प्रथम लिंक अधिकारी के रूप में प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी तथा द्वितीय लिंक अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार आलोक सोनी नियुक्त है। इसी प्रकार तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम शनिवार और रविवार के लिए नायब तहसीलदार हिमांशु भलावी नियुक्त है। उनके प्रथम लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख इंद्रजीत सिंह तथा द्वितीय लिंक अधिकारी के रूप में सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रामसिंह उलाड़ी नियुक्त है।

# मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0: स्वास्थ्य संबंधी विषयों के लिए विकासखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

## जिला चिकित्सालय में 16 को शिविर

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार मु यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण 10 मई से 31 मई 2023 तक चलेगा, जिसके लिए शहरी क्षेत्र एवं पंचायत क्षेत्र के निवासी अपने-अपने स्तर पर पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। जन समुदाय से मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है कि विकलांगता प्रमाण पत्र, आवेदक की आयु का चिकित्सकीय सत्यापन, मु यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के प्रकरण स्वीकृत किये जायेंगे। प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना जो कि श्रम विभाग में जिनका नाम उल्लेखित है, जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में योजना का सां यकी विभाग में डाटा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहयोगी विभाग है। मु यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों में आयोजित दिव्यांग शिविरों के सफल आयोजन हेतु जबलपुर एवं जिला चिकित्सालय मंडला से विषय विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है जो निर्धारित तिथियों में जनपद पंचायतों में पहुंचकर सेवाऐं देंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरी में 11 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव में 15 मई, जिला चिकित्सालय मंडला में 16 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में 17 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई में 18 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर में 19 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में 22 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में 24 मई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी में 25 मई 2023 को शिविर आयोजित होंगे।

# आवेदक ने कहा न गरीबी रेखा में नाम जुड़ा, न आयुष्मान बना ये कैसी जन सेवा



मंडला यशोः- वर्तमान में जिले भर में मु यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को नारायणगंज विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी में लगाए गए शिविर में खैरी निवासी सुरेश सोनी ने आवेदन देकर गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक सुरेश पिता द्वारका सोनी ने बताया कि अब तक उन्हें किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्होंने कई बार प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना के लिए आवेदन किया लेकिन कोई लाभ नहीं मिला है। सुरेश का कहना था कि मु यमंत्री द्वारा जन सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं और आमजनों को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए भटकना पड़ रहा है। आवेदक सुरेश ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहते हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें इसका लाभ मिल सके।

# सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

मंडला यशोः- निवास अंतर्गत



पौड़ी के घुलघुल गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का गुरूवार को समापन हो गया। पूजन, हवन, आरती के बाद कन्या भोजन एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि संसार में मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। सुदामा के आने की खबर मिलने पर श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे। पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल से पग धोए, अर्थात श्री कृष्ण अपने बाल सखा सुदामा के आगमन पर उनके पैर धोने के लिए पानी मंगवाया, परन्तु सुदामा की दुर्दशा को देखकर इतना दुख हुआ है कि प्रभु के आंसुओं से ही सुदामा के पैर धुल गए। इस पूरी कथा को जीवंत झांकी के माध्यम से भी दिखाने का प्रयास किया। झांकी में भगवान श्रीकृष्ण, सुदामी, रूकमणी के रूप में सजे बच्चों की जीवंत झांकी को काफी सराहा गया। शास्त्री ने कहा कि आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते



हैं और काम निकल जाने पर वे भूल जाते है। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। भगवान से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। इसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। कथा समापन अवसर पर बड़ी सं या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद गृहण किया।

# नवनियुक्त जनसेवा मित्रों को वितरित हुए नियुक्ति पत्र

मंडला यशोः- जनसेवा मित्रों के रिक्त 30 पदों पर भर्ती हुए नए जनसेवा मित्रों को कले टर डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवनियुक्त जनसेवा मित्रों का कले टर डॉ. सिडाना द्वारा उन्मुखीकरण भी किया गया। उन्होंने जनसेवा मित्रों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तथा इन योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुँचाने हेतु प्रेरित भी किया। कले टर ने कहा कि जनसेवा मित्र लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं के बैंक में डीबीटी कराने में सहयोग करें। साथ ही सीएम जनसेवा मित्र मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के बारे में भी व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। इस मौके पर नोडल सीएम फेलो सुप्रिया पाठक भी मौजूद थी।



# मण्डला नगर में प्रथम बार श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का बाल-संस्कार कार्यक्रम के साथ हुआ अभूतपूर्व समापन

मंडला यशोः- श्री दिग. जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के तत्वाधान में प्रथम बार श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का आयोजन 2 मई से 11 मई के बीच आयोजित हुआ जिसमें बच्चों बुजुर्ग और महिलाओं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया शिविर का निर्देशन सांगानेर संस्थान से पधारे विद्वान विद्वत् श्री मोहित जैन शास्त्री प्राकृताचार्य खातेगांव के निर्देशन में हुआ एवं शिविर में बच्चों की भाग-1 की कक्षा प्रासु शास्त्री ने ली एवं बड़े महिला और पुरुषों ने महान ग्रंथ इष्टोपदेश एवं छहढाला का स्वाध्याय मोहित भैया द्वारा कराया गया, बच्चों को धार्मिक संस्कार के साथ-साथ नैतिक शिक्षा का ज्ञान भी शिविर में दिया गया एवं अंतिम दिन शिविर समापन के दौरान 108 रिद्धि मन्त्रों द्वारा बच्चों को बाल-संस्कार के कार्यक्रम के साथ साथ बच्चों को जिनधर्म में वर्णित श्रावक के आठ मूलगुणों का संस्कार किया गया जबलपुर से अमित शास्त्री एवं अरुण शास्त्री जी मौजूद रहे जिनके द्वारा रिद्धि मन्त्र बच्चों को संस्कारित किये गए। और शिविर में जिन्होंने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया अनं सभी लोगों को पुरस्कृत किया गया, लोगों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में अपार जन समूह मौजूद रहा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बौंझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297